### खुरई व मालथौन में तीन दिवसीय जनकल्याण शिविरों का शुभारंभ

# जनकल्याण शिविर जनता तक पहुंचने का सबसे सशक्त माध्यमः भूपेन्द्र सिंह

**सागर, देशबन्धु।** खुरई और बीना में आम जनता की परेशानियों को दूर करने के लिये तीन दिवसीय जनकल्याण शिविरों की शुरुआत हो चुकी है। शिविर के पहले ही दिन कलेक्टर प्रतिभा पाल और खुरई विधायक भूपेंद्र सिंह ने खुद मौजूद रहकर लोगों की समस्यायें सुनीं। कलेक्टर के निर्देश पर बीना और खुरई के ग्रामीण और शहरी इलाकों में 12से 18 जून तक इन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य सरकार की योजनाओं का लाभ सीधे जरूरतमंदों तक पहुंचाना और जनता की बुनियादी समस्याओं का तुरंत समाधान करना है। खुरई के महाकाली मंदिर टीन शेड पर मुख्य शिविर में विधायक भूपेंद्र सिंह, कलेक्टर प्रतिभा पाल, जिला पंचायत सीईओ विवेक केवी सहित तमाम प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। शिविर में कलेक्टर ने संवेदनशीलता दिखाते हुये लोगों को अपने बाजू की कुर्सी पर बैठाया और उनकी परेशानियां जानी। जिन समस्याओं का तुरंत समाधान हो सकता था, उनका मौके पर ही निपटारा किया गया। बाकी आवेदनों को ऑनलाइन और ऑफलाइन रिकॉर्ड में दर्ज कर समय सीमा में हल करने के निर्देश दिये गये। हादसे में जान गंवाने वाले रामकृष्ण शर्मा की पत्नी शशिकला, ओमकार कुशवाहा की पत्नी बैजंती और संतोष कुशवाहा की पत्नी सुकवती कुशवाहा को



मौके पर ही 2-2 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि के चेक सौंपे गये। संतोष रानी और सुदामाबाई बलराम यादव को कल्याणी पेंशन योजना तथा कमलरानी कुशवाहा, जानकीबाई परमानंद कुर्मी और जयराम सेन को वृद्धावस्था पेंशन योजना की मंजूरी दी गई। इन सभी को अब हर महीने 600 रुपये की पेंशन राशि सीधे उनके खातों में मिलेगी। भूपेंद्र सिंह ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मूल मंत्र सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास है। वे खुद को देश का प्रधान सेवक मानते हैं और उन्होंने वीआईपी संस्कृति को खत्म किया है। सुशासन के लिये प्रसिद्ध महारानी अहिल्याबाई होल्कर भी अपने खुले दरबार में बिना किसी बिचौलिये के सीधे जनता की फरियाद सुनती थी। यह शिविर भी जनता की सेवा का ऐसा ही एक माध्यम है। शिविर में स्वागत सत्कार की एक अनूठी और प्रेरणादायक परंपरा देखने को मिली। फूल मालाओं के बजाय उपयोगी सामग्री से अतिथियों का स्वागत करने के संकल्प के तहत स्थानीय नेताओं और समाजसेवियों ने भूपेंद्र सिंह का स्वागत 10 कूलर, 15 सीलिंग फैन और 150 से अधिक छातों और छतरियों से किया। विधायक ने इस पूरी सामग्री को तुरंत जरूरतमंदों और सार्वजनिक स्थानों के लिये दान कर दिया। 5 कूलर सरस्वती शिशु मंदिर खुरई को दिये गये। 1-1 पंखा मां बीजासेन मंदिर किला प्रांगण, शनिदेव मंदिर खुरई और संत रविदास मंदिर को भेंट किया गया। मालथौन में 5 महिलाओं को पंखे और शिविर में आये 200 से अधिक जरूरतमंदों को धूप और बारिश से बचने के लिये छाते बांटे गये। शिविर के दौरान ही खुरई के सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल परिसर में 35 लाख की लागत से होने वाले विकास कार्यों का भूमिपूजन भी किया गया। इस राशि से स्कूल परिसर में बाउंड्रीवॉल, मॉडर्न शौचालय, एक सुंदर पार्क, पार्क में पाथवे और बैठने के लिये बेंच लगाई जायेंगी। इसके अलावा बच्चों के खेलने के लिये ओपन जिम की सामग्री, स्कूल का मुख्य प्रवेश द्वार, पार्किंग शेड और साइकिल स्टैंड का निर्माण भी कराया जायेगा।

## स्लीपर यात्री बसों के विरूद्ध सघन चैकिंग कार्रवाई



**सागर, देशबन्धु।** क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी द्वारा प्रवर्तन अमले के साथ गुरुवार को भोपाल रोड पर रात्रि 10 बजे से रात्रि 1. 30 बजे तक 18 स्लीपर यात्री बसों की जांच की गई। जांच दौरान 4 स्लीपर यात्री बसों में से 2 में आपातकालीन द्वार पर सीट लगी पाई गई तथा चारो बसों में आगम निर्गम हेतु पृथक-पृथक दो दरवाजे नहीं पाये गये। उक्त स्लीपर यात्री बसों के फिटनेस तत्काल प्रभाव से निरस्त किये गये है। जिनके वाहन क्र. एमपी 32 जेडबी 7992, एमपी 70 जेडडी 9977, एमपी 13पी 7281, एमपी 09 बीपी 5969 है, साथ ही 5 यात्री बसों में सर्च लाईट लगी पाई गई, मौके पर दस्तावेज नहीं पाये गये आदि कमियां पाये जाने पर उनके विरूद्ध मोटरयान अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुये 28,500 रुपये का जुर्माना वसूल किया गया। समस्त स्लीपर बस संचालकों को पूर्व में एआईएस.119 के अनुरूप वाहन को तैयार करने हेतु निर्देशित किया गया था। जिसमें से कुछ बस संचालकों द्वारा अपने वाहनों को नियमानुसार तैयार कराकर क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय में भौतिक सत्यापन कराया है। किन्तु कुछ स्लीपर बस संचालकों द्वारा अभी तक उक्त निर्देश का पालन कर वाहन का भौतिक सत्यापन नहीं कराया था। इस कारण यह चैकिंग की कार्यवाही प्रारंभ की गई है तथा जब तक समस्त स्लीपर यात्री बसों को एआईएस.119 के अनुरूप तैयार नहीं कराया जाता है, तब तक यह चेकिंग की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। स्कूल में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुये 15 वर्ष से अधिक पुरानी स्कूली बसों की फिटनेस उपयुक्त न होने पर उक्त तीनों बसों का पंजीयन निरस्त करते हुये स्क्रेप करने के आदेश जारी किये। जिनके वाहन क्र. एपी 30 यू 8253ए एमएच 32 जी 0110, एमपी 09एफए 0449 है। 9 जून से स्कूल बसों की चैकिंग कार्यवाही स्कूल परिसर में जाकर की जा रही है। जिसमें यदि किसी स्कूल बस में कोई कमी पाई जाती है, तो उन्हें दुरूस्त कराने हेतु सख्त निर्देश दिये गये। बताया कि स्कूल प्रारंभ होने के पश्चात् स्कूल वाहनों की निरंतर चैकिंग की जावेगी तथा इसके पश्चात् यदि कोई वाहन मोटरयान अधिनियम 1988 के प्रावधानों के तहत नहीं पाया जावेगा तो उसके विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जावेगी।

### बाइक से गिरी महिला गंभीर रूप से हुई घायल

**मालथौन, देशबन्धु।** गुरुवार को एन एच 44 नेशनल हाईवे मालथौन थाना के टोल प्लाजा के पास सुबह करीब 8 बजे एक सड़क हादसा हो गया जिसमें महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी के अनुसार महिला सुहागरानी रैकवार गोना ग्राम से अपने भतीजे के साथ बाइक से मालथौन घर लौट रही थी की मालथौन टोल प्लाजा के पास बाइक का संतुलन बिगड़ गया और अचानक महिला रोड पर गिर गई जिसमें महिला गंभीर रूप से घायल हो गई महिला को तत्काल एंबुलेंस की मदद से मालथौन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद महिला की हालत गंभीर होने के चलते उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया।

### पीड़ित परिवारों से मिली नपाध्यक्ष, हरसंभव सहायता का दिया आश्वासन



**बीना, देशबन्धु।** रेलवे अतिक्रमण हटाओ अभियान से प्रभावित परिवारों से नपाध्यक्ष लता सकवार ने मुलाकात की। उन्होंने बेघर हुये परिवारों की समस्याओं को सुना और हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। यह मुलाकात अतिक्रमण कार्यवाही के दो दिन बाद हुई। लता सकवार ने बताया कि जिन परिवारों के मकान पूरी तरह ध्वस्त हो गये हैं, उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास उपलब्ध कराने का प्रयास किया जायेगा। इसके अतिरिक्त दीनदयाल रसोई के माध्यम से प्रभावित परिवारों के लिये भोजन की व्यवस्था भी की जा रही है। जिन लोगों के पक्के मकान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुये हैं, उनके घरों तक नपा पेयजल पाइप लाइन पहुंचायेगी। बिजली कनेक्शन बहाल करने के लिये विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये गये। अध्यक्ष ने कहा कि नगर पालिका इस मुश्किल समय में पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है और उन्हें आवश्यक सुविधायें प्रदान करने के लिये सभी प्रयास किये जायेंगे। इस दौरान राकेश सेन, भूपेन्द्र राय, उपयंत्री जयदीप शाक्यवार और विवेक ठाकुर सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### सरसों तेल मिल एवं होलसेल किराना दुकानों का किया निरीक्षण



**दमोह, देशबन्धु।** खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा जांच दल द्वारा शहर में निरीक्षण कार्यवाही करते हुये सरसों तेल, गाय का घी एवं कस्टर्ड पाउडर के नमूनें जांच हेतु लिये। कार्यवाही में हटा रोड, बड़ी देवी गेट के पास स्थित गुप्ता ऑयल मिल का निरीक्षण किया। मौके पर विक्रय हेतु संग्रहित गोपाला ब्रांड सरसों तेल के नमूनें जांच हेतु लिये। इसी तरह नया बाजार नंबर 1, बकौली चौक के पास स्थित फर्म मनमोहनलाल नन्नाई लाल किराना मर्चेंट का निरीक्षण किया। परिसर में मौके पर विक्रय हेतु संग्रहित नाइन एएम ब्रांड वेनिला फ्लेवर कस्टर्ड पाउडर एवं गोपीश्री ब्रांड गाय का घी के नमूने जांच हेतु लिये। इन खाद्य पदार्थों के नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। गुप्ता ऑयल मिल के निरीक्षण के दौरान राई सरसों का स्टॉक, विभिन्न मात्रा की पैकिंग में उपलब्ध सरसों तेल की बोतल एवं टिन, ऑयल फिल्ट्रेशन मशीन, ऑयल पैकिंग मशीन, ऑयल एक्सपेलर, कच्ची घानी मशीन का निरीक्षण किया। मौके पर सरसों तेल मिल संचालक को शुद्ध एवं सुरक्षित राई सरसों बीज से सरसों तेल का निर्माण एवं भंडारण करने के निर्देश दिये।

### आबकारी टीम ने बीना, खुरई क्षेत्र में कार्यवाही की

**सागर, देशबन्धु।** आबकारी टीम द्वारा बीना शहर, खुरई स्टेशन रोड, खुरई टैगोर वार्ड एवं रजवास क्षेत्र की मदिरा दुकानों का सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मदिरा विक्रय दर में अनियमितता एवं अन्य नियमों के उल्लंघन पाये जाने पर विभागीय कार्यवाही करते हुये कुल 4 प्रकरण कायम किये गये, जिनमें अधिक विक्रय दर से मदिरा विक्रय के 2 प्रकरण शामिल हैं, साथ ही मदिरा दुकानों के आसपास सार्वजनिक स्थानों पर मदिरापान करने वालों के विरुद्ध मप्र आबकारी अधिनियम की धारा 36(ए) के अंतर्गत 1 न्यायालयीन प्रकरण कायम किया गया।

## पुलिस लाइन में दंगा नियंत्रण संबंधी व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया



**सागर, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक अनुराग सुजानिया के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक लोकेश कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन में पुलिस लाइन में बलवा परेड एवं दंगा नियंत्रण ड्रिल का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य पुलिस बल को किसी भी आकस्मिक कानून व्यवस्था की स्थिति, सामूहिक उपद्रव, प्रदर्शन, धरना, जुलूस अथवा बलवा जैसी परिस्थितियों से प्रभावी एवं पेशेवर तरीके से निपटने हेतु तैयार करना था। कार्यक्रम में नगर पुलिस अधीक्षक, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस एसडीओपी बीना, उप पुलिस अधीक्षक यातायात, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय, नगर पुलिस अधीक्षक मकरोनिया सहित जिले के शहर के सभी एवं देहात क्षेत्र के 15 थानों के थाना प्रभारी अपने-अपने पुलिस बल के साथ उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित पुलिस बल को दो दलों में विभाजित कर बलवा नियंत्रण संबंधी विभिन्न व्यावहारिक अभ्यास कराये गये। प्रशिक्षण में बलवा नियंत्रण के दौरान अपनाई जाने वाली रणनीतियों, टीम समन्वय, भीड़ नियंत्रण की तकनीकों, सुरक्षा उपायों तथा उपलब्ध संसाधनों के प्रभावी उपयोग का अभ्यास कराया गया। साथ ही दंगा नियंत्रण उपकरणों एवं सुरक्षा सामग्री को सही ढंग से धारण करने तथा आवश्यकता अनुसार उनके प्रभावी उपयोग की विधि का भी प्रदर्शन किया गया। पुलिस अधीक्षक ने परेड में बताया कि कानून व्यवस्था की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में धैर्य, संयम, सतर्कता एवं अनुशासन के साथ कार्य करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बलवा अथवा भीड़ नियंत्रण के दौरान सामने आने वाली संभावित चुनौतियों, जोखिमों एवं उनसे सुरक्षित एवं प्रभावी ढंग से निपटने के उपायों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान बल को विभिन्न फॉर्मेशन, सामूहिक संचालन, त्वरित प्रतिक्रिया, सुरक्षा उपकरणों के उपयोग तथा आपात परिस्थितियों में समन्वित कार्यवाही का अभ्यास कराया गया।

### युवा कलोत्सवः संगीत, नृत्य और नाटक का उत्सव 19 एवं 20 जून को

**सागर, देशबन्धु।** संगीत नाटक अकादमी ने भारत की स्वतंत्रता की 75 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में देश में युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण को साकार करते हुये वर्ष 2022 में युवा कलोत्सव नामक एक श्रृंखला का आयोजन आरंभ किया था। इस महोत्सव में संगीत, नृत्य, नाटक, लोक एवं आदिवासी कला और संबद्ध कलाओं के क्षेत्र से जुड़े युवा कलाकार अपनी प्रस्तुति देते हैं। युवा कलोत्सव अकादमी का विभिन्न राज्य सरकारों, केंद्र शासित प्रदेशों, कला अकादमियों और सांस्कृतिक संस्थानों के साथ एक समन्वित प्रयास है। इस श्रृंखला का अगला पड़ाव सागर है, संगीत नाटक अकादेमी नई दिल्ली एवं जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद सागर के सहयोग से 19 एवं 20 जून को सायं 6 बजे से महाकवि पद्माकर सभागार में युवा कालोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस उत्सव में कुल 10 कला दलों के लगभग 125 कलाकार प्रतिभाग कर रहें है।

### बीना रेलवे ट्रैक पर मिली बच्ची पुणे की रहने वाली निकली, माता-पिता के साथ कर रही थी सफर

**बीना, देशबन्धु।** रेलवे ट्रैक के पास लहूलुहान हालत में मिली 14 साल की बच्ची की पहचान हो गई है। वह महाराष्ट्र के पुणे की रहने वाली अंशिका द्विवेदी है, जो अपने परिवार के साथ ट्रेन में सफर कर रही थी। बुधवार की आधी रात को बीना-आगासौद रेलवे टैक पर आईबीएच सिग्नल के पास एक मालगाड़ी के लोको पायलट ने बच्ची को गंभीर हालत में देखा था। उन्होंने सूझबूझ दिखाते हुये बच्ची को वहां से उठाया और बीना रेलवे स्टेशन पहुंचाया, जहां से उसे सिविल अस्पताल ले जाया गया। हालत ज्यादा खराब होने के कारण उसे तुरंत बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। बीना जीआरपी ने बच्ची को सागर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराने के बाद उसकी फोटो पहचान के लिये भोपाल कंट्रोल रूम भेजी थी। शुक्रवार को उसकी शिनाख्त पुणे निवासी अंशिका द्विवेदी के रूप में हुई, जिसके बाद जीआरपी ने तुरंत उसके परिवार को हादसे की खबर दी। परिजन ने पुलिस को बताया कि अंशिका अपनी मां के साथ हड़पसर एक्सप्रेस के एस.4 कोच में सफर कर रही थी। रात करीब 11 बजे वह टॉयलेट जाने का कहकर सीट से उठी थी, लेकिन उसके बाद वापस नहीं लौटी। परेशान परिवार ने इसकी शिकायत रेल मदद ऐप पर भी दर्ज कराई थी। आशंका जताई जा रही है कि चलती ट्रेन से पैर फिसलने या संतुलन बिगड़ने के कारण वह नीचे गिर गई और गंभीर रूप से जख्मी हो गई। सागर अस्पताल के डॉक्टरों के मुताबिक बच्ची अभी बेहोश है और बयान देने की स्थिति में नही है। अस्पताल के महिला प्रसूति विभाग की डॉक्टर ने शुरुआती बाहरी जांच के बाद साफ किया है कि बच्ची के साथ किसी भी तरह की कोई अप्रिय घटना नहीं हुई है। बीना जीआरपी थाना प्रभारी बीबीएस ठाकुर ने बताया कि बच्ची की पहचान होने के बाद उसके माता-पिता को जानकारी दे दी गई है, जो जल्द ही सागर पहुंचने वाले हैं। परिजन के आने और बच्ची के होश में आने के बाद ही हादसे की असली वजह सामने आ पायेगी।

## चाकू की नोक पर लूट करने वाले आदतन अपराधी गिरफ्तार



**बीना, देशबन्धु।** पुलिस ने चाकू की नोक पर राहगीर से लूट की वारदात को अंजाम देने वाले एक आदतन अपराधी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लूटा गया मशरूका एवं वारदात में प्रयुक्त चाकू बरामद किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी जो मजदूरी का कार्य करता है, गुरुवार की रात्रि लगभग 9 बजे शास्त्री वार्ड से मुख्य मार्ग की ओर जा रहा था। इसी दौरान बंद गुल्ला ढाबा के पास आरोपी भरत सेन ने उसका रास्ता रोक लिया। आरोपी ने चाकू दिखाकर उसे आतंकित किया तथा जान से मारने की धमकी देते हुये उसकी जेब से पर्स छीन लिया। पर्स में 5000 नगद, आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज रखे हुये थे। विरोध करने पर आरोपी ने फरियादी के साथ मारपीट की और धमकी देते हुये मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही थाना बीना पुलिस ने तत्परता दिखाते हुये अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी की तलाश प्रारंभ की। पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये आरोपी की घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त लोहे का चाकू, लूटी गई 5000 की नगदी, फरियादी का पर्स, आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं अन्य दस्तावेज बरामद कर विधिवत जप्त किये गये। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि गिरफ्तार आरोपी भरत पिता रामसेवक सेन 53 वर्ष निवासी बीना एक आदतन अपराधी है, जिसके विरुद्ध थाना बीना में पूर्व से ही 10 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध हैं। आरोपी का आपराधिक रिकॉर्ड होने के कारण पुलिस द्वारा उसकी गतिविधियों की भी विस्तृत जांच की जा रही है। प्रकरण में थाना बीना में मामला पंजीबद्ध किया गया। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। उक्त कार्यवही में उनि. लखन राज, आरके जोरम, जय सिंह, शिखरचंद, गजेन्द्र मिश्रा, गनेशराम भारती, युधिष्ठिर, संदीप, अजय, अनिल जाटव, राहुल, दीप सिह की भूमिका रही।

### राजाखोय धाम में मना माता पार्वती का जन्मोत्सव, भक्ति गीतों पर झूमे श्रद्धालु, जयकारों से गूंजा कथा पंडाल



**जैसीनगर, देशबन्धु।** राजाखोय धाम इन दिनों शिवमय और शक्तिमय वातावरण से सराबोर है। मां बीजासेन देवी प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ एवं शिव महापुराण कथा के पांचवें दिन शुक्रवार को माता पार्वती के दिव्य जन्मोत्सव का प्रसंग सुनाया गया। जैसे ही कथा व्यास ने हिमालय राज के घर आदिशक्ति के अवतरण का वर्णन किया, पूरा कथा पंडाल जय माता पार्वती और हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा। कथा व्यास पं. सर्वेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि माता पार्वती का जन्म केवल एक देवी के रूप में नहीं, बल्कि संसार में शक्ति, भक्ति और नारी सम्मान के संदेश के लिये हुआ था। उन्होंने माता के बाल्यकाल और उनके दिव्य स्वरूप का भावपूर्ण वर्णन किया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गये। माता के जन्मोत्सव प्रसंग को कथा स्थल पर उत्सव की तरह मनाया गया। भक्ति गीतों और मंगलधुनों के बीच महिलाओं ने श्रद्धा और उल्लास के साथ नृत्य किया। कई श्रद्धालु भजन गाते हुये झूमते नजर आये, तो कई भक्त माता के जयकारों के साथ भक्ति में लीन दिखाई दिये। कथा पंडाल का दृश्य किसी धार्मिक उत्सव से कम नहीं था। कथा में जैसीनगर, अगरिया सूखा, राजाखोय और आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। आयोजकों ने बताया कि शिव महापुराण कथा 16 जून तक प्रतिदिन जारी रहेगी। इसके बाद 17 जून को मां बीजासेन देवी की प्राण प्रतिष्ठा का ऐतिहासिक आयोजन होगा। वही 18 जून को पूर्णाहुति, महाप्रसादी एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जायेगा।

## फांसी के फंदे पर झूलते युवक को पेड़ से उतारकर पहुंचाया अस्पताल, मिला नया जीवन



**सागर, देशबन्धु।** 11 जून की रात्रि लगभग 10. 55 बजे डायल.100/112 कंट्रोल रूम को इवेंट प्राप्त हुआ। कॉलर राम भरत आदिवासी ने अत्यंत भावुक एवं मानसिक तनाव की स्थिति में फोन कर बताया कि पारिवारिक विवाद के चलते वह जामुन के पेड़ पर फांसी लगाने जा रहा है। सूचना की गंभीरता को समझते हुये कंट्रोल रूम द्वारा तत्काल एफआरवी.12 को मौके के लिये रवाना किया। एफआरवी पर तैनात आरक्षक विशाल प्रजापति एवं पायलट भूपेंद्र यादव ने असाधारण सूझबूझ का परिचय देते हुये कॉलर को लगातार बातचीत में व्यस्त रखा, ताकि वह कोई आत्मघाती कदम न उठा सके। वहीं सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी बराज, थाना शाहगढ़ एवं आरक्षक लखन गंधर्व भी तत्काल मौके के लिये रवाना हुये। पुलिस टीम ने बातचीत के माध्यम से युवक की सटीक लोकेशन प्राप्त कर ली और तेजी से घटनास्थल की ओर पहुंची। पुलिस दल जब मौके पर पहुंचा, तब युवक लगभग 15 से 20 फीट ऊंचे जामुन के पेड़ पर रस्सी के फंदे से लटक चुका था। स्थिति अत्यंत गंभीर एवं चुनौतीपूर्ण थी। ऐसे नाजुक समय में पुलिस जवानों ने बिना किसी विलंब के पेड़ पर चढ़कर युवक को सुरक्षित नीचे उतारा। युवक को नीचे उतारने के बाद उसकी सांसें चलती हुई पाई गई। पुलिस टीम ने समय की गंभीरता को देखते हुये तत्काल उसे एफआरवी वाहन से नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों द्वारा तत्काल उपचार प्रारंभ किया गया। वर्तमान में युवक सुरक्षित है तथा उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताई गई है। इस सराहनीय कार्य के लिये वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा एफआरवी.12 के भूपेंद्र यादव, विशाल प्रजापति, चौकी प्रभारी बराज तथा लखन गंधर्व सहित संपूर्ण टीम की प्रशंसा की गई है।

### जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक संपन्न

## वन भूमि पर अतिक्रमण और सीमा विवाद सुलझाने एवं पौधारोपण और सामाजिक वानिकी के तहत काम करने के निर्देश



**सागर, देशबन्धु।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित की गई। इस उच्च स्तरीय बैठक में मुख्य रूप से वन और राजस्व विभाग के बीच लंबे समय से लंबित सीमा विवादों को सुलझाने, वन भूमि से अतिक्रमण हटाने और वन्यजीव संरक्षण को लेकर व्यापक रणनीति पर चर्चा की गई। कलेक्टर ने राजस्व और वन विभाग के आपसी समन्वय पर विशेष जोर दिया। वन भूमि पर किये गये अवैध अतिक्रमणों को चिन्हित कर तत्काल बेदखली की कार्यवाही करने, वन और राजस्व विभाग की सीमाओं से जुड़े मामलों के निराकरण के लिये संयुक्त दल गठित करने तथा विभिन्न विकासात्मक कार्यों के लिये आवश्यक एफआरए को ध्यान में रखते हुये और एनओसी के मामलों को समय सीमा में निपटाने के निर्देश दिये। बैठक के एजेंडे में पर्यावरण संतुलन और वन्यजीवों की सुरक्षा के मुद्दे पर चर्चा हुई। जंगलों से गुजरने वाली हाईटेंशन और घरेलू विद्युत लाइनों की सख्त मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिये गये ताकि करेंट लगने से बाघ एवं अन्य वन्यजीवों के शिकार की घटनाओं को रोका जा सके। मानव और वन्यजीवों के बीच बढ़ते टकराव को रोकने के लिये मैदानी अमले को सतर्क रहने तथा स्टेट टाइगर सेल को सक्रिय कर नियमित बैठकें आयोजित करने की बात कही गई। आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुये जिले में हरित क्षेत्र बढ़ाने के लिये ठोस कार्ययोजना बनाने को कहा। वन विभाग के नॉर्थ और साउथ दोनों डिवीजनों में बड़े पैमाने पर पौधारोपण अभियान चलाने का खाका तैयार किया गया है। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि सामाजिक वानिकी के माध्यम से खाली पड़ी सरकारी भूमियों और जल गंगा संवर्धन योजना के तहत जल स्त्रोतों के आसपास व्यापक रूप से पौधे रोपे जायें। खनिज और वन क्षेत्र से जुड़े जितने भी संवेदनशील मामले हैं, उन पर पुलिस, राजस्व और वन विभाग संयुक्त रूप से कार्यवाही करे। वन भूमि का संरक्षण और वन्यप्राणियों की सुरक्षा शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है, इसमें किसी भी स्तर पर ढिलाई न बरती जाये। बैठक में जिला पंचायत सीईओ विवेक केवी, नगर निगम कमिश्नर राजकुमार खत्री, डीएफओ साउथ वरुण यादव, डीएफओ नॉर्थ चंद्रशेखर सिंह, डीएफओ वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व रजनीश सिंह, अति. पुलिस अधीक्षक लोकेश सिन्हा सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## सार समाचार

### पत्रकार को बनाया बंधक, सूचना पर पहुंची पुलिस




**पन्ना, देशबन्धु।** जिला शिक्षा केन्द में सूचना के अधिकार के तहत जानकारी मांगने गए पत्रकार प्रकाश श्रीवास्तव ने डीपीसी अजय गुप्ता पर कार्यालय के अंदर बंधक बनाने का आरोप लगाया है। श्री श्रीवास्तव का कहना है कि सूचना पर अन्य पत्रकार हरकत में आए और तत्काल स्थानीय पुलिस को सूचित किया गया। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और कड़ा रुख अपनाते हुए कार्यालय के ताले खुलवाए। डीपीसी की इस मनमानी का खमियाजा सिर्फ पत्रकार को ही नहीं, बल्कि आम जनता को भी भुगतना पड़ा। दफ्तर में अचानक की गई इस तालाबंदी के कारण जिले के दूर-दराज के गांवों से आए गरीब हितग्राही, शिक्षक और छात्र भीषण गर्मी में दिनभर दफ्तर के बाहर भटकते और परेशान होते रहे।

### मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी शिविर में पहुॅचे



**दमोह देशबन्धु।** विकासखंड जनकल्याण शिविरों के अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के.अठया नोहटा में आयोजित शिविर का निरीक्षण कर पहुॅचे नागरिकों से स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित समस्याओं एवं शिकायतों की जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित अधिकारियों को उनका त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। शिविर दौरान 2 पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाये गये व जननी सुरक्षा योजना भुगतान से संबंधित 5 लोगों की समस्याओं का संतुष्टि पूर्वक समाधान किया गया। डॉ. आर.के.अठया ने बताया शिविर के बाद क्षेत्र में कोई भी पात्र हितग्राही आयुष्मान कार्ड से वंचित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने शिविर में मौजूद स्वास्थ्य अमले को निर्देश दिये कि क्षेत्र के सभी पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनें यह सुनिश्चित किया जायें।

### बाल श्रम निषेध दिवस पर कार्यशाला का हुआ आयोजन

**दमोह देशबन्धु।** दमोह जिला कलेक्टर कार्यालय के जनसुनवाई दक्ष में श्रम विभाग और संकल्प समाज सेवी संस्था ने संयुक्त रूप से बाल श्रम और बाल विवाह मुक्त भारत पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। इस दौरान उपस्थित विषय विशेषज्ञों ने बाल श्रम और उससे जुड़े हुए कानून पर विस्तार से प्रकाश डाला उन्होंने बताया कि किस-किस कैटेगरी में बाल श्रम को रखा जा सकता है और किस तरह के कानूनी प्रावधानों के तहत कार्यवाहियां की जाती है यहां पर मौजूद वक्ताओं द्वारा उपस्थित लोगों को ऐसे बालकों के रेस्क्यू के लिए प्रेरित किया जो बाल श्रम में लिप्त है वहीं शासन की विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया कि किस तरह से बाल श्रम पर लगाम लगाई जा सके वही इस कार्यक्रम के आयोजक संकल्प समाजसेवी संस्था के देवेंद्र दुबे ने भी अपनी संस्था द्वारा किए गए कार्यों को बताया कार्यक्रम में इस दौरान बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष दीपक तिवारी महिला एवं बाल विकास विभाग सहायक संचालक संजीव मिश्रा, श्रम अधिकारी सुश्री आशा सहित विषय विशेषज्ञ मौजूद रहे जिन्होंने अपने-अपने विचार यहां पर रखें इस दौरान जिला पंचायत सदस्य रजनी ठाकुर, महिला समाजसेवी संगीता श्रीधर, बाल कल्याण समिति सदस्य रश्मि वर्मा भारत विकास परिषद से किरण गोस्वामी, समाज सेवी सुजात खान पुलिस विभाग टी ई अमित मिश्रा कदम संस्था से दीपक सेन, एलएन वैष्णो, मनीष सोनी, विनय असाटी, धीरज अहिरवार, संजय शर्मा, सौरभ पोराणिक, जाशिद खान, मनोज रजक, रोशन प्रजापति मौजूद रहे उपस्थित लोगों द्वारा इस विषय पर अपने-अपने वक्तव्य दिए गए, वहीं कार्यक्रम के अंत में बाल विवाह मुक्त जिला बनाने की शपथ उपस्थित लोगों द्वारा ली गई. कार्यक्रम का सफल संचालन समाज से भी खुशबू तिवारी द्वारा किया गया।

कुर्सी मोड़ पर दिल दहला देने वाला हादसा

# तेज रफ्तार ट्राले की टक्कर से बच्चे की मौत, मां की हालत नाजुक

**पन्ना, देशबन्धु।** अमानगंज मुख्य मार्ग पर स्थित कुर्सी मोड़ शुक्रवार सुबह एक हृदयविदारक सड़क हादसा हुआ तेज रफ्तार ट्राला की टक्कर से 2 वर्षीय मासूम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी मां गंभीर रूप से घायल हो

ग्राम विलहटा निवासी गुमान आदिवासी अपनी मोटरसाइकिल से अपनी दीदी सावित्री बाई और 2 वर्षीय भांजे मुकेश को लेकर तारा टेक से अमानगंज की ओर जा रहा था। तभी कुर्सी मोड़ के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक-ट्राला (क्रमांक एनएल-01-एके 2131) ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मासूम मुकेश सीधे ट्राला के पहिए की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। दसे में मृत बालक की मां सावित्री बाई के दोनों पैर गंभीर रूप से जख्मी हुए हैं। दुर्घटना के बाद आरोपी चालक ट्राला को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलते ही अमानगंज पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और घायल महिला को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया।



पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ट्राला को जब्त कर आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उसकी तलाश शुरू कर दी है।

नेशनल हाइवे-39 पर रात में हुआ हादसा, कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त

## सड़क हादसे में पुलिसकर्मी की मौत, दोस्त गंभीर



**पन्ना, देशबन्धु।** पन्ना नेशनल हाइवे-39 पर बीती रात अजयगढ़ थाने में पदस्थ 26 वर्षीय युवा आरक्षक अभय श्रीवास की एक भीषण सड़क हादसे में मौत हो गई, जबकि उनका दोस्त अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रहा है।

यह हादसा 11 और 12 जून की दरमियानी रात करीब 3 बजे स्मृति वन के पास हुआ। जानकारी के अनुसार आरक्षक अभय श्रीवास अपने दोस्त अरविंद सिंह के साथ कार से मनोर ढाबे से खाना खाकर पन्ना लौट रहे थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी कार को इतनी जोरदार टक्कर मारी कि कार अनियंत्रित होकर सीधे पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी भयावह थी कि कार पूरी तरह चकनाचूर हो गई। राहगीरों और पुलिस की मदद से दोनों को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन इलाज के दौरान अभय ने दम तोड़ दिया। मृतक अभय श्रीवास अपने पिता के निधन के बाद अनुकंपा नियुक्ति पर पुलिस सेवा में आए थे। इस असमय हादसे

## आरईएस कार्यालय में कर्मचारी से मारपीट, ठेकेदार से जुड़े आदमी पर आरोप

कर्मचारियों ने की एफआईआर की मांग



**दमोह देशबन्धु।** जिले के ग्रामीण यांत्रिकी सेवा (आरईएस) कार्यालय में शुक्रवार को एक कर्मचारी के साथ मारपीट की घटना सामने आने के बाद विभागीय कर्मचारियों और अधिकारियों में आक्रोश का माहौल है। घटना के बाद कर्मचारियों ने एकजुट होकर मामले की शिकायत दमोह कोतवाली पुलिस से की तथा आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठाई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आरईएस कार्यालय में पदस्थ कर्मचारी राजीव लोचन चैबे अपने कक्ष में नियमित कार्यालयीन कार्य कर रहे थे। इसी दौरान अमरदीप अग्रवाल नामक व्यक्ति कार्यालय पहुंचा और कथित रूप से अभद्र व्यवहार करते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर उसने कर्मचारी के साथ मारपीट भी की। घटना के समय कार्यालय में मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया।

पीड़ित कर्मचारी राजीव लोचन चैबे का कहना है कि अमरदीप अग्रवाल का उनके पास कोई लंबित कार्य नहीं था, इसके बावजूद वह कार्यालय में आकर विवाद करने लगा और मारपीट कर दी। घटना के बाद उन्होंने दमोह सिटी कोतवाली में आरोपी के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराते हुए कानूनी कार्रवाई की मांग की है। घटना की जानकारी मिलते ही आरईएस कार्यालय के अधिकारी और कर्मचारी एकजुट हो गए। उनका कहना है कि सरकारी कार्यालय के भीतर किसी कर्मचारी के साथ इस तरह की घटना न केवल चिंताजनक है, बल्कि इससे कार्यालयीन व्यवस्था और कर्मचारियों की सुरक्षा पर भी सवाल खड़े होते हैं। आरईएस की कार्यपालन यंत्री अदिति सिंह ने बताया कि कर्मचारी द्वारा घटना की सूचना दी गई है तथा पुलिस में शिकायत दर्ज कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि पूरे मामले को लेकर स्टाफ से चर्चा की जा रही है और आवश्यक विभागीय कदम उठाए जाएंगे।

## अभाना सेक्टर की प्रस्फुटन समितियों का हुआ प्रशिक्षण



**दमोह देशबन्धु।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में अभाना सेक्टर कि ग्राम पंचायत हरदुआ मुड़र के ग्राम पटी शिशपुर में नवांकुर संस्था, उनमुक्त सर्वजन कल्याण समाजसेवी संस्था द्वारा त्रैमासिक सेक्टर स्तरीय प्रस्फुटन समितियो का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद दमोह से सुशील कुमार नामदेव, मुख्य अतिथि सालक राम यादव, अध्यक्षता कर रही वन्दना जैन, जिसमें सर्वप्रथम अतिथियों ने भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण किया, उपरांत ग्राम विकाश प्रस्फुटन समिति पटी शिशपुर के अध्यक्ष भगवान दास यादव ने पुष्पहार से सुशील नामदेव का स्वागत किया व ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति विसनाखेड़ी के अध्यक्ष गणेश सिंह ने ब्लॉक संवयक वंदना जैन का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। राहुल पाठक ने बताया कि यह कार्यक्रम ग्राम के विकास के लिए एवं ग्राम समितियो का समाजसेवा के क्षेत्र में दक्ष बनाने के उद्देश्य से किया गया है। ब्लॉक समन्वयक वंदना जैन जी ने अपने संबोधन में बताया कि हम अपने गाव को कैसे स्वच्छ, सुन्दर, नशामुक्त रखे, व अपने ग्राम को विकसित भारत की ओर चलने के लिए हमे साथ मिलकर चलना होगा। जिला संवयक सुशील नामदेव ने कहा कि हर व्यक्ति आज के समय में अपने तक ही सीमित हैं और हमने प्रस्फुटन समिति गाव के विकास के लिए बनाई है, हम समाजसेवा के कार्य के लिए अग्रसर है। यह प्रशिक्षण इसलिए हो रहा है कि हमे यह कार्य करना है, किस लिए करना है। कैसे करना है, स्वच्छ भारत मिशन, नशामुक्त भारत अभियान व जल संरक्षण के बारे में प्रशिक्षित होकर गांव व शहर में कार्य करना है एवं जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिन समितियां ने इस उत्कृष्ट कार्य किए उनको प्रमाण पत्र भी वितरण कर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियो से पिपरिया हथिनी, हरदुआ मुड़र, जुझार, एवं विसनाखेड़ी की ग्राम विकास की योजना को लेकर विचार साझा किए। इस आयोजन में भगवानदास यादव, जितेंद्र राजपूत, गंधर्व सिंह बुंदेला, डेलन सिंह लोधी, गणेश सिंह, नन्नू लाल यादव, संतोष यादव, राजेंद्र यादव, हल्ले यादव, रविंद्र यादव, कमलेश यादव, प्रकाश राय, मयंक जैन, सुनील यादव,रतन सिंह लोधी, रणवीर सिंह लोधी, करोड़ी सेन आदि की उपस्थिति रही व कार्यक्रम का आभार जितेंद्र राजपूत ने प्रकट किया।

## तेंदूखेड़ा में लोककल्याणकारी शिविर आयोजित

हितग्राहियों को योजनाओं का मिला लाभ




**दमोह देशबन्धु।** तेंदूखेड़ा में लोककल्याणकारी शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने उपस्थित हितग्राहियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की। शिविर में पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करते हुए प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए अनेक जनहितकारी योजनाएं संचालित कर रही है तथा इन योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने हितग्राहियों से शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने का आह्वान किया।

शिविर के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए, जहां नागरिकों को योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र हितग्राहियों के आवेदन भी प्राप्त किए गए। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री जनकल्याण, सामाजिक सुरक्षा, आवास, पेंशन, स्वरोजगार एवं अन्य योजनाओं के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर पात्र हितग्राहियों को प्रमाण पत्र वितरित कर योजनाओं से लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। शिविर में जिला पंचायत सीईओ प्रवीण फुलपगारे, तेंदूखेड़ा एसडीएम सी.जी. गोस्वामी, जनपद पंचायत सीईओ मनीष बागरी, तहसीलदार विवेक व्यास, बीएमओ डॉ. अशोक बरोनिया सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बुंदेलखंड की पत्रकारिता का एक युग हुआ समाप्त

# आंचलिक पत्रकारिता के पुरोधा दादा राजेंद्र अध्वर्यु पंचतत्व में विलीन, हजारों नम आंखों ने दी अंतिम विदाई

• सुरेंद्र सिंह परमार

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** बुंदेलखंड की आंचलिक पत्रकारिता के इतिहास में शुक्रवार का दिन एक ऐसी अपूरणीय क्षति लेकर आया, जिसकी भरपाई शायद कभी संभव नहीं हो सकेगी। क्षेत्रीय पत्रकारिता को अपनी लेखनी, विचारों और अथक समर्पण से नई दिशा देने वाले वरिष्ठ पत्रकार, साहित्यप्रेमी और पत्रकारिता जगत के प्रेरणास्रोत दादा राजेंद्र अध्वर्यु का शुक्रवार प्रातः लगभग 4:30 बजे निधन हो गया। वे 82 वर्ष के थे। उनके निधन के साथ ही बुंदेलखंड की पत्रकारिता का





एक स्वर्णिम अध्याय इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया।जैसे ही उनके निधन का समाचार फैला, टीकमगढ़ सहित पूरे बुंदेलखंड के पत्रकारिता जगत, सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और आम नागरिकों में शोक की लहर दौड़ गई। दिनभर उनके निवास पर श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों का तांता लगा रहा। शाम को उनके अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में पत्रकार, जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं विभिन्न वर्गों के नागरिक उपस्थित रहे और नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी।

**कागज-कलम से डिजिटल युग तक के साक्षी थे दादा**

दादा राजेंद्र अध्वर्यु उन विरले पत्रकारों में शामिल थे जिन्होंने पत्रकारिता के बदलते स्वरूप को करीब से देखा। कागज और कलम के दौर से लेकर कंप्यूटर, इंटरनेट और डिजिटल पत्रकारिता तक की यात्रा के वे जीवंत साक्षी रहे। उन्होंने समय के साथ स्वयं को लगातार अद्यतन रखा और नई तकनीकों को अपनाते हुए युवा पीढ़ी के लिए उदाहरण प्रस्तुत किया।

उनके लिए पत्रकारिता केवल समाचारों का संकलन नहीं थी, बल्कि समाज, संस्कृति, इतिहास और जनसरोकारों के प्रति एक नैतिक जिम्मेदारी थी। उन्होंने अपने जीवन का बड़ा हिस्सा क्षेत्रीय मुद्दों को मुखरता से उठाने और बुंदेलखंड की सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक धरोहर को संरक्षित करने में समर्पित किया। चलता-फिरता इतिहास थे राजेंद्र अध्वर्यु टीकमगढ़ और आसपास के क्षेत्र के इतिहास, सामाजिक परिवर्तनों और पत्रकारिता के विकासक्रम की जितनी जानकारी दादा राजेंद्र अध्वर्यु के पास थी, उतनी शायद ही किसी अन्य व्यक्ति के पास उपलब्ध रही हो। स्वतंत्रता आंदोलन के बाद के सामाजिक और राजनीतिक परिवर्तनों से लेकर वर्तमान दौर तक की घटनाओं का उनका ज्ञान अद्भुत था।

चलाया जा रहा नशा विरोधी जन आंदोलन


## भगवती मानव कल्याण संगठन ने पकड़ी अवैध शराब शराब

पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ दर्ज किया मामला



**दमोह देशबन्धु।** नशा विरोधी जन आंदोलन के तहत भगवती मानव कल्याण संगठन एवं भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के संयुक्त तत्वाधान में भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ताओं द्वारा एक बड़ी कार्यवाही को अंजाम दिया गया जिसमें दमोह देहात थाना के अंतर्गत एक 12 चक्का ट्रक एम.पी. 07 एचबी. 5439 से अंग्रेजी ब्रांड की 1200 पेटी अवैध शराब जब्त कराई। आपको बता दे कि 12 तारीख की दरम्यानी रात लगभग 1:30 बजे जब भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ताओं को बटियागढ़. की ओर से आ रहे एक 12 चक्का ट्रक पर संदेह हुआ तो संगठन के कार्यकर्ताओं ने उसका पीछा किया। जिसके बाद दमोह स्थित हटा नाका पर ट्रक को घेराबंदी करके रोका गया । जिसकी चेकिंग की गई। जिसमें पाया गया की उसमे बड़ी मात्र में अवैध शराब राखी हुई है। संगठन के कार्यकर्ताओं ने तत्काल ही दमोह देहात थाना प्रभारी को सूचना दी। सूचना मिलते ही दमोह देहात थाना प्रभारी ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर बल भेजकर अवैध शराब को अपने कब्जे में लिया। दमोह देहात थाना पुलिस के द्वारा जब ट्रक चालक से पूछा गया कि यह शराब कहां ले जा रहे थे तो उसने बताया कि यह शराब ग्वालियर से जबलपुर के लिए ले जा रहे थे जिसका परमिट पूर्ण रूप से एक्सपायर हो चुका था जिस पर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए एक आरोपी के खिलाफ 39 सी आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है ।

## रेलवे नाले में लापता बच्ची का नहीं लगा सुराग



**पन्ना, देशबन्धु।** पन्ना बड़ागांव में रेलवे द्वारा खोदे गए नाले में एक बच्ची के लापता होने की घटना से पूरे क्षेत्र में चिंता और बेचैनी का माहौल बना हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह लगभग 11 बजे घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस एवं खोजबीन टीम मौके पर पहुंची और लगातार तलाश अभियान चलाया गया।जानकारी के अनुसार लापता बच्ची का नाम आसना कुशवाहा, पिता प्रमोद कुशवाहा, निवासी बड़ागांव बताया जा रहा है। शाम 7 बजे तक चले खोज अभियान के बावजूद बच्ची का कोई सुराग नहीं मिल सका है।घटना के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर मौजूद रहे और खोजबीन टीम की कार्रवाई पर नजर बनाए रखी। ग्रामीणों को उम्मीद थी कि टीम जल्द ही बच्ची का पता लगा लेगी, लेकिन देर शाम तक सफलता नहीं मिलने से चिंता और बढ़ गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि फिलहाल खोज अभियान की गति धीमी पड़ गई है, जबकि परिजन और ग्रामीण लगातार बच्ची की तलाश जारी रखने की मांग कर रहे हैं।पुलिस एवं प्रशासन की ओर से मामले पर निगरानी रखी जा रही है।

बेलाताल घाट पर चला विशेष स्वच्छता अभियान

## शहर को सुंदर और स्वच्छ बनाना हम सभी की जिम्मेदारी: सीईओ



**दमोह देशबन्धु।** विश्व पर्यावरण दिवस से लेकर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून तक शासन के निर्देशानुसार जिले में विभिन्न जनजागरूकता एवं स्वच्छता गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में बेलाताल स्थित निर्मल घाट पर सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे के नेतृत्व में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया।

अभियान में स्वच्छता एम्बेसडर हरीश पटेल एवं उनकी टीम, जन अभियान परिषद से सुशील नामदेव व उनकी टीम, स्वच्छता मित्रों, शिक्षको तथा नगर पालिका के सीएमओ राजेंद्र सिंह लोधी, अधिकारियों-कर्मचारियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार जिले में सफाई अभियान, जल स्रोतों की सफाई, गहरीकरण एवं स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम लगातार संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बेलाताल का यह स्थल ऐसा स्थान है, जहाँ लोग पूजन सामग्री का विसर्जन करते हैं, जिसके कारण घाट पर अत्यधिक गंदगी जमा हो गई थी।

आज नगरपालिका की टीम, जिले के विभिन्न अधिकारीगण, उम्मीद टीम तथा गणमान्य नागरिकों ने मिलकर घाट की साफ-सफाई कर उसे बेहतर स्वरूप प्रदान किया। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी न फैलाएँ तथा जहाँ भी गंदगी दिखाई दे, वहाँ स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें। शहर को सुंदर और स्वच्छ बनाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेन्द्र सिंह लोधी ने कहा कि पर्यावरण दिवस से योग दिवस तक विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

इसी क्रम में बेलाताल घाट पर स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि भविष्य में घाट का रंग-रोगन एवं सौंदर्यीकरण भी कराया जाएगा। साथ ही नागरिकों से स्वच्छता कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता करने एवं घाटों पर गंदगी न फैलाने की अपील की।

इस अवसर पर उपस्थित आम नागरिकों ने भी शहर, तालाबों एवं सड़कों को स्वच्छ बनाए रखने का संकल्प लिया। नागरिकों ने कहा कि स्वच्छ शहर केवल प्रशासन की नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है और सभी के सहयोग से ही शहर को सुंदर एवं स्वच्छ बनाया जा सकता है।

# फाइनेंस कंपनी ऑफिस में खुद को लगाई आग

## जब्त कार वापस लेने पहुंचा था युवक, बचाने में मैनेजर भी झुलसा





**सागर, देशबन्धु।** मकरोनिया स्थित महिंद्रा फाइनेंस कंपनी के ऑफिस में एक युवक ने खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगा ली। आग बुझाने की कोशिश में ब्रांच मैनेजर भी झुलस गया। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है। युवक कार जब्त किये जाने से नाराज था। घटना शुक्रवार दोपहर की है। पुलिस के मुताबिक जैसीनगर निवासी नीलेश कुमार जैन ने महिंद्रा फाइनेंस से कार फाइनेंस कराई थी। दो किस्तें बकाया होने के कारण कंपनी ने दमोह से वाहन जब्त कर लिया था। शुक्रवार को नीलेश कार वापस लेने के लिये फाइनेंस कंपनी के कार्यालय पहुंचे थे। दोनों घायलों को भोपाल एम्स रेफर किया गया है। कार को लेकर उनकी कंपनी कर्मचारियों से बहस हो गई। इसी दौरान उन्होंने अपने ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगा ली। अचानक हुई घटना से कार्यालय में अफरा तफरी मच गई। कर्मचारियों और अधिकारियों ने आग बुझाने का प्रयास किया। इस दौरान ब्रांच मैनेजर भी झुलस गये। गंभीर रूप से झुलसे नीलेश को पहले बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, लेकिन हालत नाजुक होने पर उन्हें निजी अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायल युवक के रिश्तेदार नीरज कुमार जैन ने आरोप लगाया कि कार की केवल दो किस्तें बाकी थीं, इसके बावजूद कंपनी ने वाहन जब्त कर लिया था। उनका कहना है कि पिछले 10 दिनों से कंपनी की ओर से दबाव बनाया जा रहा था। घर पर लोगों को भी भेजा गया था। परिजनों का दावा है कि गुरुवार को बकाया राशि भी जमा करा दी गई थी, इसके बाद शुक्रवार को नीलेश कार्यालय पहुंचे थे,जहां विवाद के बाद यह घटना हो गई। एडिशनल एसपी लोकेश सिंहा ने बताया कि फाइनेंस कंपनी कार्यालय में एक व्यक्ति ने ज्वलनशील पदार्थ डालकर खुद को आग लगाई है। प्राथमिक जांच में वाहन फाइनेंस को लेकर विवाद की बात सामने आई है। मामले में जांच की जा रही है और सभी बिंदुओं पर पड़ताल के बाद आगे की कार्यवाही की जायेगी।

# गुणवत्ताहीन हुआ फोर लेन निर्माण कार्य

## तेज हवा से उखड़े साइन बोर्ड से दो घंटे रहा यातायात बंद



**शाहगढ़, देशबन्धु।** दिन में तेज धूप के बाद शुक्रवार दोपहर बाद अचानक मौसम ने करवट ली और तेज हवा ने आंधी का रूप ले लिया। हाइवे पर रूरावन और इमलाखेडा गांव के बीच की फोर लेन पर आंधी से टूटे साइन बोर्ड ने दो घंटे तक आवागमन को पूरी तरह से बंद कर दिया। वहीं बिजली की आवाजाई लगी रही। रूरावन और इमलाखेड़ा गांव के बीच की फोर लेन सड़क मार्ग पर बना विशालकाय स्वागत द्वार साइन बोर्ड आंधी से जमीन पर आ गिरा। स्वागत द्वार के हाईवे मार्ग पर गिरने से पूरी तरह से यातायात बाधित हो गया। इससे शाम चार से छह बजे तक आवागमन प्रभावित रहा। लोगों का आरोप कि फोर लेन के निर्माण कार्य गुणवत्ताहीन हुआ है, एक माह पहले ही मार्ग चालू हुआ और थोड़ी ही हवा चली और साइन बोर्ड गिर गया, अचानक गिरे फोर लेन पर साइन बोर्ड से आवागमन पूरी तरह से बंद हो गया। अवरुद्ध पड़े हाइवे मार्ग को चालू करने दो घंटे तक फोर लेन निर्माण कार्य में लगे एक भी कर्मचारी नही पहुंचा, देर से पहुंचे अमले ने परेशानी झेल रहे कुछ लोगों के सहयोग से रास्ते से बोर्ड हटाकर बाधित मार्ग से यातायात सुचारू रूप से चालू कराया।

# लोकायुक्त ने 10 हजार की रिश्वत लेते पटवारी को पकड़ा

## कृषि भूमि का नामांतरण करने के एवज में मांगी थी रिश्वत



**सागर, देशबन्धु।** लोकायुक्त की टीम ने कार्यवाही करते हुये पटवारी को 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते पकड़ा है। पटवारी कृषि भूमि का नामांतरण करने के एवज में रिश्वत मांग रहा था। जानकारी के अनुसार फरियादी भगवानदास सोलंकी निवासी जैसीनगर ने लोकायुक्त में 8 जून को शिकायत की थी। शिकायत में बताया कि उनकी करीब साढ़े 3 एकड़ कृषि भूमि कंकर कुइयां बम्होरी घाट में है। जिसका नामांतरण करना है। नामांतरण कराने के लिये वे कंकर कुइयां हल्का के पटवारी मानवेंद्र सिंह से मिले। पटवारी ने नामांतरण कराने के एवज में 10 हजार रुपये रिश्वत की मांग की। रिश्वत नही देने पर पटवारी नामांतरण नही कर रहा था। परेशान होकर फरियादी ने शिकायत की। शिकायत मिलते ही लोकायुक्त ने जांच शुरू की, जांच में शिकायत सही पाई गई। जिसके बाद शुक्रवार को लोकायुक्त की टीम ने फरियादी भगवानदास को रिश्वत की राशि लेकर पटवारी के पास भेजा। पटवारी ने फरियादी को पहले संजय ड्राइव पर बुलाया। भगवानदास संजय ड्राइव पहुंचे तो उसने कहा कि 3 मिनट में तिली तिगड्डा आ जाओ। वे तिली तिगड्डा पहुंचे और रिश्वत की राशि पटवारी को दी। पैसे देते ही लोकायुक्त की टीम ने घेराबंदी कर पटवारी मानवेंद्र सिंह को रंगे हाथ 10 हजार की रिश्वत के साथ पकड़ लिया। लोकायुक्त निरीक्षक रंजीत सिंह ने बताया कि पटवारी मानवेंद्र सिंह को 10 हजार की रिश्वत लेते पकड़ा है। पटवारी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच में लिया गया है।

## दिन भर चला धूप-छांव का दौर, शाम को गरज-चमक के साथ हुई झमाझम बारिश

**सागर, देशबन्धु।** भीषण गर्मी के बीच शुक्रवार की शाम गरज चमक के साथ प्री.मानसून की पहली झमाझम बारिश हुई। बारिश से सड़कों पर पानी बह निकला। हवायें चलने से वातावरण में ठंडक घुली। जिससे लोगों को भीषण गर्मी से थोड़ी राहत मिली। सुबह से सागर के आसमान में बादलों की आवाजाही जारी थी। दोपहर के समय धूप-छांव और उमसभरी गर्मी से लोगों के हाल बेहाल रहे लेकिन शाम को अचानक मौसम बदला और आसमान में काले घने बादल छा गए। गरज चमक के साथ बारिश का दौर शुरू हुआ। शाम 6 बजे तक रुक रुककर बारिश होती रही। बारिश से वातावरण में ठंडक घुली है। इस दौरान अधिकतम तापमान 39.7 डिग्री और न्यूनतम पारा 27.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार आगामी 24 घंटे आसमान में बादल और बारिश की संभावना बनी हुई है। शहर के साथ ग्रामीण इलाकों में हवा आंधी के साथ बारिश हुई।

## वीरता, स्वाभिमान और राष्ट्रगौरव का प्रतीक बनेगी महाराणा प्रताप की प्रतिमा: लारिया



**सागर, देशबन्धु।** शुक्रवार को विधायक प्रदीप लारिया के रजाखेड़ी स्थित कार्यालय में कर्रापुर में स्थापित होने जा रही महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा के भूमि पूजन कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर क्षत्रिय समाज, प्रबुद्धजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक में आगामी 17 जून को होने वाले भूमि पूजन कार्यक्रम को ऐतिहासिक एवं जनभागीदारी से परिपूर्ण बनाने पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुये विधायक लारिया ने कहा कि महाराणा प्रताप केवल एक ऐतिहासिक व्यक्तित्व नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति, स्वाभिमान, त्याग, संघर्ष और अटूट संकल्प के जीवंत प्रतीक हैं। उनका जीवन प्रत्येक भारतीय के लिये प्रेरणा का स्रोत है। बताया कि कर्रापुर में लगभग 22 लाख रुपये की लागत से महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा स्थापित की जायेगी, जो आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रप्रेम, साहस और स्वाभिमान का संदेश देती रहेगी। नरयावली विधानसभा क्षेत्र में स्थापित होने वाली महाराणा प्रताप की यह पहली प्रतिमा क्षेत्र के इतिहास में एक गौरवपूर्ण अध्याय जोड़ेगी।

## जयवीर सिंह भदौरिया ने एएसपी बीना के रूप में ग्रहण किया पदभार



**सागर, देशबन्धु।** मप्र पुलिस के वरिष्ठ एवं अनुभवी अधिकारी जयवीर सिंह भदौरिया ने शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में अति. पुलिस अधीक्षक बीना के पद का विधिवत कार्यभार ग्रहण किया। भदौरिया वर्ष 2002 बैच के पुलिस अधिकारी हैं तथा अपने बैच के टॉपर रहे हैं। अपने लगभग ढाई दशक के गौरवशाली पुलिस सेवा अनुभव के दौरान उन्होंने प्रदेश के विभिन्न जिलों एवं महत्वपूर्ण पदों पर कार्य करते हुये उत्कृष्ट प्रशासनिक क्षमता, अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था प्रबंधन तथा जनसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। पदभार ग्रहण करने से पूर्व श्री भदौरिया देवास जिले में लगातार तीन वर्षों तक अति. पुलिस अधीक्षक के रूप में सेवायें दे चुके हैं। पदभार ग्रहण करने के उपरांत भदौरिया ने कहा कि पुलिस की प्राथमिकता आमजन को त्वरित एवं प्रभावी न्याय दिलाना, अपराधों पर नियंत्रण स्थापित करना तथा जनता और पुलिस के बीच विश्वास को और मजबूत करना होगी। कानून व्यवस्था बनाए रखने, अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्यवही करने तथा जनसामान्य की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिये वे पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेंगे।

## हीरा अहिरवार को पीएचडी उपाधि हेतु मिली स्वीकृति

**सागर, देशबन्धु।** डॉ. हरीसिंह गौर विवि के गणित एवं सांख्यिकी विभाग के शोधार्थी हीरा अहिरवार की पीएचडी उपाधि हेतु अंतिम मौखिकी परीक्षा वाइवा. वोसे शुक्रवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुई। परीक्षा का आयोजन बाह्य परीक्षक प्रो. अनीता तोमर की वर्चुअल उपस्थिति में किया गया। हीरा अहिरवार ने विभिन्न स्पेसेस में फिक्स्ड प्वाइंट प्रमेय का अध्ययन विषय पर अपना शोध कार्य पूर्ण किया है। यह शोध कार्य गणित एवं सांख्यिकी विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. कविता श्रीवास्तव के निर्देशन में संपन्न हुआ। शोध के अंतर्गत इंटरवल वैल्यू फजी मीट्रिक स्पेसेस, इंटरवल वैल्यू एन.फजी मीट्रिक स्पेसेस, पैरामीट्रिक मीट्रिक स्पेसेस, फजी मेजर स्पेसेस तथा आंशिक बी.मीट्रिक स्पेसेस में नये फिक्स्ड प्वाइंट एवं सामान्य फिक्स्ड प्वाइंट प्रमेय स्थापित किये गये हैं। शोध के निष्कर्ष कई पारंपरिक सिद्धांतों का विस्तार करते हैं तथा ऑप्टिमाइजेशन, अवकल समीकरण, कंप्यूटर विज्ञान, अर्थशास्त्र, अभियांत्रिकी एवं अन्य अनुप्रयुक्त विज्ञानों में उपयोगी सिद्ध हो सकते हैं। साथ ही यह शोध भविष्य के अनुसंधान के लिये नई संभावनायें भी प्रस्तुत करता है। मौखिकी परीक्षा के दौरान विभागाध्यक्ष प्रो. आरके गंगेले सहित विभाग के शिक्षक एवं शोधार्थी उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी ने हीरा अहिरवार को डॉक्टरेट उपाधि हेतु स्वीकृति मिलने पर बधाई दी।


# 24 घंटे के भीतर कथित अपहरण एवं फिरौती कांड का सनसनीखेज खुलासा

## कलयुगी पुत्र ने गांजा तस्करी में हुये नुकसान की भरपाई के लिये रचा स्वयं के अपहरण का षड्यंत्र



**सागर, देशबन्धु।** थाना देवरी पुलिस ने अपहरण एवं 2 लाख की फिरौती मांगने के बहुचर्चित मामले का पर्दाफाश करते हुये खुलासा किया है कि कथित अपहरण की पूरी कहानी स्वयं पुत्र एवं उसके साथियों द्वारा रची गई साजिश थी। 12 जून की रात्रि में फरियादी राजेश पिता प्रेम जाटव निवासी ग्राम डोंगर सलैया द्वारा थाना देवरी में सूचना दी गई कि उसका 21 वर्षीय पुत्र पवन जाटव 9 जून को मित्र का जन्मदिन मनाने का कहकर घर से निकला था और वापस नहीं लौटा। इसी बीच फरियादी के मोबाइल पर अज्ञात व्यक्तियों द्वारा कॉल कर उसके पुत्र का अपहरण करने तथा उसे छोड़ने के एवज में 2 लाख की फिरौती की मांग की गई। रकम नहीं देने पर पुत्र की हत्या करने की धमकी दी गई। मामले की गंभीरता को देखते हुये थाना देवरी में अपराध पंजीबद्ध कर तत्काल जांच प्रारंभ की गई। अति. पुलिस अधीक्षक लोकेश सिन्हा एवं नगर पुलिस अधीक्षक ललित कश्यप के निर्देशन में थाना प्रभारी देवरी, उप निरीक्षक समरथ सीनम, थाना प्रभारी मोतीनगर, सूचना संकलन तंत्र एवं साइबर टीम की संयुक्त टीम गठित कर तकनीकी एवं भौतिक साक्ष्यों के आधार पर सघन जांच की गई। जांच के दौरान पुलिस ने चितौरा टोल के पास एक ऑल्टो 800 कार क्र. एमपी15 सीए 7570 को चिन्हित कर उसमें सवार कथित अपहृत पवन जाटव सहित अरविंद दुबे, बलजीत सिंह एवं शुभम पटेल को अभिरक्षा में लिया। पूछताछ में जो तथ्य सामने आये, उन्होंने पूरे घटनाक्रम का चौंकाने वाला खुलासा कर दिया। ज्ञात हुआ कि पवन जाटव एवं बलजीत सिंह, सुनील पटेल के कहने पर अवैध रूप से गांजा लेने के लिये संबलपुर ओडिशा गये थे। वहां से लगभग 8 किलोग्राम गांजा प्राप्त कर वे ट्रेन से वापस लौट रहे थे। कटनी के पहले पुलिस चेकिंग की आशंका होने पर दोनों ने गांजे का पैकेट एवं पवन का मोबाइल ट्रेन से बाहर फेंक दिया। गांजा खरीदने के लिये राशि सुनील पटेल द्वारा ऑनलाइन माध्यम से भुगतान की गई थी। गांजा नष्ट हो जाने के कारण हुये आर्थिक नुकसान की भरपाई करने तथा खर्च की गई रकम वापस प्राप्त करने के उद्देश्य से सुनील पटेल, पवन जाटव, बलजीत सिंह, शुभम पटेल एवं अरविंद दुबे ने मिलकर एक सुनियोजित षड्यंत्र रचा। आरोपियों ने पवन के अपहरण की झूठी कहानी बनाई और उसके पिता को फोन कर 2 लाख की फिरौती मांगना शुरू कर दिया। आरोपियों का उद्देश्य अपने ही पिता से भय और दबाव बनाकर बड़ी रकम वसूलना था। फरियादी द्वारा केवल 30 हजार की व्यवस्था किये जाने के कारण आरोपी लगातार उन्हें गुमराह करते रहे। पुलिस की सतर्कता, तकनीकी विश्लेषण एवं त्वरित कार्यवाही के चलते पूरी साजिश का भंडाफोड़ हो गया। पुलिस ने अरविंद दुबे, बलजीत सिंह, शुभम पटेल एवं पवन जाटव को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि मुख्य साजिशकर्ता सुनील पटेल फरार है, जिसकी तलाश के लिए पुलिस टीम लगातार दबिश दे रही है। प्रकरण में प्रयुक्त ऑल्टो कार, मोबाइल फोन एवं अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य जब्त कर लिये गये। विवेचना के दौरान यह तथ्य भी सामने आया है कि बलजीत सिंह एवं फरार आरोपी सुनील पटेल पूर्व में एनडीपीएस एक्ट के प्रकरण में गाडरवारा जेल में एक साथ निरुद्ध रह चुके हैं। इनके आपराधिक पृष्ठभूमि एवं अन्य गतिविधियों की भी विस्तृत जांच की जा रही है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि आरोपियों का नेटवर्क मादक पदार्थों की अवैध तस्करी से किस स्तर तक जुड़ा हुआ है। यह प्रकरण न केवल एक झूठे अपहरण और फिरौती की साजिश का खुलासा है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि आर्थिक लाभ के लिये किस प्रकार पारिवारिक विश्वास का दुरुपयोग कर गंभीर अपराधों को अंजाम देने का प्रयास किया जा रहा है। देवरी पुलिस की तत्परता और पेशेवर जांच के कारण 24 घंटे के भीतर पूरे मामले का खुलासा कर लिया गया तथा फरियादी परिवार को राहत प्रदान की गई। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी देवरी निरीक्षक हरिराम मानकर, उप निरीक्षक समरथ सीनम, लवकुश, समीर, इमरान, थाना प्रभारी मोतीनगर निरीक्षक जसवंत सिंह राजपूत एवं उनकी टीम, सूचना संकलन तंत्र के आशीष गौतम, मनीष तिवारी, सौरभ रैकवार तथा हेमेन्द्र, साइबर सेल भूमिका रही।

## वरिष्ठ साहित्यकार बृंदावन राय सरल को मिला दुष्यंत कुमार गजल सम्मान



**सागर, देशबन्धु।** मप्र साहित्य परिषद् द्वारा वर्ष 2024 के साहित्यिक सम्मानों की घोषणा कर दी गई है। प्रदेश के प्रतिष्ठित दुष्यंत कुमार गजल सम्मान के लिये सागर के वरिष्ठ कवि एवं शायर वृंदावन राय सरल का चयन किया गया है। यह सम्मान उनकी चर्चित कृति गजलों का गुलशन के लिये प्रदान किया जायेगा। सम्मान के अंतर्गत 51 हजार रुपये की सम्मान राशि, प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान चिह्न प्रदान किया जायेगा। सम्मान समारोह भोपाल में आयोजित होगा। 76 वर्षीय बृंदावन राय सरल् लंबे समय से साहित्य साधना में सक्रिय हैं। उनकी अब तक 21 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। साहित्य के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिये उन्हें पूर्व में विभिन्न संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया जा चुका है।

# हाईवे किनारे खुली शराब दुकानें बनी खतरा, सुरक्षा और मर्यादा पर उठे सवाल

**मालथौन, देशबन्धु।** राष्ट्रीय राजमार्ग सागर-ललितपुर फोरलेन मार्ग के किनारे संचालित शराब दुकानें राहगीरों, वाहन चालकों और स्थानीय नागरिकों के लिये गंभीर चिंता का विषय बन गई हैं। मालथौन और बरोदियाकलां क्षेत्र में हाईवे से सटी शराब दुकानों के कारण जहां दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना हुआ है, वहीं न्यायालय और रिहायशी क्षेत्रों के समीप इनका संचालन प्रशासनिक व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार शराब दुकानों के सामने अक्सर वाहन चालक अपनी गाड़ियां अचानक रोककर शराब खरीदने पहुंच जाते हैं। फोरलेन मार्ग पर तेज रफ्तार से दौड़ते वाहनों के बीच इस तरह की बेतरतीब पार्किंग और अचानक मोड़ लेने की स्थिति दुर्घटनाओं को न्यौता दे रही है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यह स्थान अघोषित ब्लैक स्पॉट बन चुका है, जहां पूर्व में कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं और भविष्य में बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है। मालथौन में शराब दुकान सिविल न्यायालय परिसर के सामने संचालित होने को लेकर भी लोगों में नाराजगी है। अधिवक्ताओं और नागरिकों का कहना है कि न्यायालय जैसे गरिमामय संस्थान के सामने शराब दुकान का संचालन न्यायिक वातावरण की मर्यादा के अनुरूप नहीं है। इससे न्यायालय आने वाले पक्षकारों, अधिवक्ताओं और आम नागरिकों को असहज परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। जानकारी के अनुसार पिछले वर्ष स्थानीय अधिवक्ता संघ ने शराब दुकान के स्थान को लेकर विरोध दर्ज कराया था और प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर दुकान को अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग की थी। इसके बावजूद दुकान का संचालन जारी रहने से लोगों में प्रशासन की कार्यप्रणाली को लेकर असंतोष है। शराब दुकानों के आसपास रिहायशी बस्तियां होने के कारण स्थानीय परिवारों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नागरिकों का आरोप है कि शाम के समय दुकान के आसपास लोगों की भीड़ जमा होने लगती है, जिससे महिलाओं, युवतियों और स्कूली बच्चों के आवागमन में असुविधा उत्पन्न होती है तथा क्षेत्र का सामाजिक वातावरण प्रभावित हो रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हाईवे, न्यायालय और आबादी क्षेत्र के निकट शराब दुकान संचालन को लेकर नियमों और सुरक्षा मानकों की गंभीरता से समीक्षा की जानी चाहिये। नागरिकों ने प्रशासन और आबकारी विभाग से मामले की जांच कर जनहित में उचित कार्यवाही करने की मांग की है।

### तीन बड़े सवाल

राष्ट्रीय राजमार्ग और सिविल न्यायालय के समीप शराब दुकान संचालन की अनुमति किन परिस्थितियों में दी गई। अधिवक्ता संघ और स्थानीय नागरिकों द्वारा किये गये विरोध व ज्ञापनों पर अब तक क्या कार्यवाही हुई। यदि हाईवे किनारे बेतरतीब पार्किंग और शराब बिक्री के कारण कोई बड़ा हादसा होता है, तो इसकी जवाबदेही किसकी होगी। क्षेत्रवासियों का कहना है कि जनसुरक्षा, यातायात व्यवस्था और सामाजिक मर्यादा को ध्यान में रखते हुये प्रशासन को इस मामले में शीघ्र हस्तक्षेप कर स्थिति का समाधान करना चाहिये।

*खुरई कार्यालय में बिजली अधिकारी से मारपीट का मामला*

# अब तक तीन आरोपी गिरफ्तार, एक फरार

**सागर, देशबन्धु।** विगत 6 जून को विद्युत विभाग खुरई कार्यालय के भीतर कनिष्ठ अभियंता कैलाश बेलदार के साथ शासकीय कार्य में बाधा डालते हुये जाति सूचक शब्दों के साथ गाली गलौच एवं मारपीट की घटना घटित हुई थी जिसकी पुलिस थाना में एफआईआर दर्ज हुई थी। उक्त मामले के संबंध में थाना प्रभारी योगेन्द्र दांगी ने जानकारी देते हुये बताया कि मारपीट की घटना के तीन आरोपी अभी तक गिरफ्तार किये जा चुके है जिनमें नरेंद्र पिता रामसीग कुर्मी, मेवा लोधी पति रणवीर एवं एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार किया जा चुका है। संतोष पिता देवीसींग ठाकुर अभी तक फरार है। टीआई दांगी ने बताया कि एक शेष आरोपी को गिरफ्तार करने के लिये विशेष टीमों का गठन किया गया है जो अलग-अलग जगह दबिश दे रही है। जिनके द्वारा शेष आरोपी को शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जावेगा। उन्होंने बताया प्रकरण में बिजली विभाग की तरफ से घटना के दौरान उपस्थित पूनम सेन, रंजना चक्रवर्ती एवं रामदीन पाण्डे के ब्यान दर्ज किये जा चुके है। उल्लेखनीय है इस मारपीट की घटनाक्रम के बाद कुछ संगठन एवं व्यक्ति आरोपियों का साथ देकर मामला झूठा बताकर प्रदर्शन कर पुलिस एवं प्रशासन पर बिजली विभाग वालो के ऊपर मामला दर्ज करवाने हेतु दवाब बना रहे थे। वायरल वीडियों के माध्यम से हकीकत सामने आने पर प्राय: सभी संगठन वाले एवं अन्य लोग आरोपियों से दूरी बनाने लगे है। सर्वविदित है मामले को लेकर बिजली विभाग के विभिन्न संगठनों के अलावा अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा कलेक्ट्रेट पर रैली के रूप में पहुंच कर प्रदर्शन कर कलेक्टर एवं एसपी को आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा था।

# मुख्यमंत्री कल केसली में करेंगे 53 निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण

## लाड़ली बहना योजना की राशि का होगा अंतरण, देवरी विधानसभा को मिल सकती हैं कई बड़ी सौगातें




**सागर, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 14 जून को देवरी विधानसभा क्षेत्र के केसली प्रवास के दौरान 190.85 करोड़ रुपये की लागत से 53 विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण करेंगे। इसके साथ ही लाड़ली बहना योजना की हितग्राही महिलाओं के खातों में राशि का अंतरण भी करेंगे। मुख्यमंत्री के प्रस्तावित प्रवास को लेकर देवरी विधायक बृज बिहारी पटेरिया ने सागर में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुये क्षेत्र के विकास कार्यों एवं लंबित मांगों की विस्तृत जानकारी दी। पत्रकार वार्ता में जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन जिला कार्यालय मंत्री सागर ग्रामीण संजय चौबे लिधौरा, जिला सह मीडिया प्रभारी आलोक केशरवानी भी उपस्थित रहें। विधायक पटेरिया ने बताया कि मुख्यमंत्री का लगभग तीन घंटे का कार्यक्रम प्रस्तावित है। इस दौरान वे क्षेत्र में विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन से देवरी विधानसभा क्षेत्र को कई महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं की सौगात मिलने जा रही है। साथ ही विभिन्न विभागों में लंबित योजनाओं को भी स्वीकृति मिलने की संभावना है। पटेरिया ने बताया कि देवरी विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई, सड़क, विद्युत एवं पर्यटन विकास उनकी प्राथमिकताओं में शामिल हैं। उन्होंने क्षेत्र के कई हाई स्कूलों को हायर सेकेंडरी में उन्नयन, महाविद्यालयों में नये विषयों की शुरुआत, केसली महाविद्यालय को स्नातकोत्तर स्तर तक विकसित करने तथा आदिवासी अंचलों के विद्यार्थियों के लिये बेहतर शैक्षणिक सुविधाओं की मांग मुख्यमंत्री के समक्ष रखने की बात कही। स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर उन्होंने देवरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को सिविल अस्पताल में उन्नत करने, 100 शैय्या अस्पताल की स्थापना, ट्रॉमा सेंटर एवं संजीवनी क्लीनिक की मांग रखी है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर दुर्घटनाओं की संख्या को देखते हुये क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की आवश्यकता है। सिंचाई एवं जल संरक्षण के क्षेत्र में विधायक पटेरिया ने छोटे-बड़े तालाबों, स्टॉप डैम और पुरानी सिंचाई परियोजनाओं के विस्तार की मांग रखी है। क्षेत्र के कई गांवों में सिंचाई सुविधाओं के विस्तार से किसानों को बड़ा लाभ मिलेगा। साथ ही पेयजल संकट के स्थायी समाधान के लिये भी योजनायें प्रस्तावित की गई हैं। इसके साथ ही विधायक ने बताया कि मुख्यमंत्री के केसली प्रवास के दौरान प्रदेश की करोड़ों महिलाओं को सशक्त बनाने वाली लाड़ली बहना योजना की हितग्राही महिलाओं के खातों में एक क्लिक के माध्यम से राशि अंतरित की जायेगी। कहा कि मुख्यमंत्री के आगमन से देवरी विधानसभा के विकास को नई गति मिलेगी तथा अनेक महत्वपूर्ण परियोजनाओं को स्वीकृति मिलने की उम्मीद है।

स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली***
प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन-** MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।